इंडिया गठबंधन के नेताओं ने कांग्रेस कार्यालय तिलक हॉल में की बैठक

कांग्रेसी बोले, नसीम को सपा से ज्यादा मेहनत कर चुनाव लड़ाएंगे

सत्ता संग्राम

रविवार को तिलक हॉल में बैठक के दौरान सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी को इंडिया गठबंधन के नेताओं का मिला समर्थन।

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। समाजवादी पार्टी की सीसामऊ प्रत्याशी नसीम सोलंकी के समर्थन में समाजवादी पार्टी समेत इंडिया गठबंधन के अन्य नेताओं की बैठक कांग्रेस कार्यालय तिलक हॉल में हुई। इसमें कांग्रेसी नेताओं ने कहा इंडिया गठबंधन पूरी मेहनत से सीसामऊ प्रत्याशी का चुनाव लड़ाएगा। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को सपा ने जितने उत्साह से लड़ाया, उससे ज्यादा मेहनत और उत्साह से सपा प्रत्याशी को इस उपचुनाव में लड़ाया जाएगा। इसमें कांग्रेस के वार्ड से लेकर नगर संगठन, पूर्व विधायक, मंत्री और फ्रंटल के पदाधिकारी मौजूद रहे। तिलक हॉल में हुई गठबंधन की बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर सीसामऊ के सह प्रभारी पूर्व एमएलएसी सुनील सिंह साजन और प्रभारी विधायक राजेंद्र कुमार रहे।

इंडिया गठबंधन के नेताओं ने कहा कि यह चुनाव इंडिया गठबंधन अपनी उसी उस विरासत को बचाने के लिए लड़ रहा है, जिसके लिए महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, डॉ. भीमराव अंबेडकर और डॉक्टर लोहिया प्रतिबद्ध थे। शांति, सद्भाव, भाईचारा, महिला सशक्तिकरण, रोजगार, अहिंसा के लिए गठबंधन के नेता चुनाव मैदान में हैं। नफरत का जवाब मुहब्बत से देना है। सत्ता और धन के दुरुपयोग के खिलाफ लड़कर सीसामऊ सीट जीतेंगे। लोकसभा चुनाव में जनता ने सरकार के गुमाइंदों को हाफ किया है और इस उपचुनाव में साफ करेगा। 2027 में बिल्कुल सफाई कर उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाएगा। शहर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, सपा नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी आलोक मिश्रा, पूर्व विधायक संजीव दरयाबादी, सोहेल अख्तर अंसारी, नेकचंद पांडे, दिलीप सिंह कल्लू यादव और पवन गुप्ता ने संबोधित किया। बैठक का संचालन संगठन प्रभारी दिलीप शुक्ला, लल्लन अवस्थी किया।

इस दौरान सपा विधायक अमिताभ बाजपेई, पदम मोहन मिश्रा, शंकर दत्त मिश्रा, महेश मेघानी, सीसामऊ सह प्रभारी प्रेम प्रकाश वर्मा, सपा नगर महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, हरीश गुप्ता, कमल जायसवाल, रजत मिश्रा, विकास अवस्थी, अमरीश गौर, राजेश गौतम, अजय त्रिपाठी मौजूद रहे।

योगी की सभा, ब्रजेश पाठक और केशव का मांगा रोड शो

- प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात सुनकर शुरू किया घर-घर प्रचार
- सभा और रोड शो की स्वीकृति का प्रदेश नेतृत्व को इंतजार

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। भाजपा अबकी बार सीसामऊ क्षेत्र के उपचुनाव में कमल खिलाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। जिला संगठन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 8 से 10 नवंबर के बीच सभा मांगी है। वहीं डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक की चौपाल और रोड शो प्रदेश नेतृत्व से मांगा हैं। 2 से 10 नवंबर के बीच दो सभाएं तो दो रोड शो का खाका जिला नेतृत्व ने तैयार किया है। उधर क्षेत्र संगठन ने 20845 बूथों पर प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात सुनी और प्रचार अभियान तेज कर दिया।

उत्तर जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय ने बताया कि दीवाली बाद संगठन युद्धस्तर पर उपचुनाव में जुट जाएगा।प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और सीएम योगी की सभाएं मांगने के अलावा दोनों डिप्टी सीएम के रोड शो कराने की योजना है। दीपू ने सीसामऊ के रायपुरवा मंडल के बूथ नंबर 263 तो जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा ने बूथ नंबर 222 पर मन की बात सुनी। विधायक सुरेंद्र मैथानी ने मतदान के पहले घर-घर कुंडी खटखटाने की रणनीति बनाई।

रिजवी रोड अग्निकांड में पिता और पुत्र समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट

फॉलोअप

18 ऑक्सीजन सिलेंडर खत्म हुए

आग और दम घोटूं धुएं की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि फायर विभाग के 18 ऑक्सीजन सिलेंडर खत्म हो गए। कैलाश चंद्रा के मुताबिक, बेसमेंट में आग भड़कती रही। सुबह भी दमकल की एक गाड़ी पहुंची।

कानपुर, संवाददाता। बेकरगंज स्थित रिजवी रोड पेचबाग स्थित आठ मंजिला अपार्टमेंट के बेसमेंट में बने होजरी गोदाम की आड़ में रखे गए भारी मात्रा में पटाखों में आग लगने के मामले में पुलिस ने पिता पुत्र समेत तीन पर मुकदमा दर्ज किया गया है। उधर फायर विभाग घनी आबादी में बने अवैध बेसमेंट व फायर एक्विपमेंट न मिलने से मालिक और व्यापारियों को नोटिस जारी करेगा।

पेचबाग स्थित हाजी इम्तियाज के आठ मंजिला अपार्टमेंट में 30 फ्लैट हैं। भूतल में मार्केट है, जबकि बेसमेंट में भी छह दुकानें हैं, जिसमें होजरी का माल रखा हुआ है। शनिवार देर रात अचानक बेसमेंट से धुआं उठा और आग की लपटें निकलने लगीं। दमकल टीम 30 परिवारों को सुरक्षित बचा अंदर घुसी तो तेज धमाके होने लगे। सामने आया कि एक दुकान में अवैध रूप से भारी मात्रा में सुतली बम और अन्य पटाखे भंडारित हैं।लाट्स रोड अग्निशमन अधिकारी कैलाश चंद्रा ने बताया कि किसी भी दुकान में अग्निशमन यंत्र नहीं थे। नोटिस जारी किया जायेगा। बेकनगंज थाना प्रभारी मोहम्मद मतीन ने बताया कि कपड़ा व्यापारी हाजी मुनीर ने दुकान में अवैध रूप से पटाखा का भंडारण किया हुआ था। दुकानदार हाजी मुनीर उनके बेटे मोहम्मद अली शान समेत एक अन्य के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम, मानव जीवन खतरे में डालना आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

व्यापारियों ने दुकानें बंद कर सौंपी चाबी

चकेरी। रामादेवी चौराहे पर चौतरफा संचालित अवैध टेम्पो स्टैण्ड और ठेला संचालकों की अराजकता से जूझ रहे व्यापारियों ने दुकानें बंदकर चाबी पुलिस को सौंपी। पुलिस ने अवैध स्टैण्ड व ठेला वालों पर कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया।

रामादेवी चौराहे के दुकानदार संजय गुप्ता, राजेश साहू, अशोक साहू, व्यापारी नेता महेश वर्मा समेत आदि ने बताया कि चौराहे की जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए कई बार अभियान चलाकर अवैध टैम्पो और ई रिक्शा स्टैण्ड को हटाया जा चुका है। लेकिन इसके बाद भी चौराहे में चौतरफा स्टैण्ड धड़ल्ले से चल रहा है। रविवार को उन्होंने दुकानों को बंदकर धरना दिया।पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर ठेला और रिक्शों को हटवाया।

राजधानी की चपेट में आया युवक, मौत

सचेंडी। सचेंडी थानाक्षेत्र के भौती खेड़ा रेलवे क्रासिंग गेट नंबर 83 के पास रविवार देर शाम राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जीआरपी को मृतक के पास से मिले मोबाइल फोन से सचेंडी के तुन्ना गांव निवासी 35 वर्षीय राजेंद्र कुमार के परिजनों को घटना की जानकारी दी।

दिन और रात का पारा गिरा, बढ़ने लगी सर्दी

कानपुर। हवा शांत रही लेकिन फिर भी तापमान गिर गया। अधिकतम तापमान 33.4 और न्यूनतम 20.4 डिग्री सेल्सियस रहा। यह शनिवार के मुकाबले कम है। मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि सर्दी का अहसास बढ़ेगा पर पारा कम गिरेगा।

एंकर पति पर पत्नी को छत से फेंकने का आरोप

- मारपीट कर जहरीला पदार्थ खिला जान लेने का भी लगाया आरोप
- पीड़िता के मुताबिक गले में है चोट के निशान पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की

कानपुर। एंकरिंग करने वाले पति पर दहेज उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगा है। आरोप है की मांग पूरी न होने पर एंकर पति ने पत्नी को मारा पीटा, जहरीला पदार्थ खिलाकर जान लेने की कोशिश की और छत से फेंक दिया। महिला के परिजनों ने पति समेत ससुरालीजनों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बर्रा दो निवासी आकांक्षा तिवारी की शादी इसी साल 11 मार्च को बाबूपुरवा एनएलसी कॉलोनी निवासी एंकर अमित शर्मा से हुई थी। मां राधा तिवारी का आरोप है कि अमित गालीगलौज कर बेटी से मारपीट करता है। तंग आकर बेटी मायके में रहने लगी थी। 23 अक्तूबर को अमित ने वीडियो कॉल कर उसे बहाने से घर बुलाया। 24 को आकांक्षा ससुराल पहुंची तो पति अमित, उसके पिता रामाशीष शर्मा, मां मीरा शर्मा, बहन अंकिता अनुराधा और बहनोई शैलेंद्र दुबे ने मिलकर उसे पीटा। बेहोश होने पर छत से फेंक दिया। आरोप है कि अमित ने आकांक्षा का गला दबाया। गले पर चोट के निशान हैं। बाबूपुरवा थाना प्रभारी ने बताया कि पति समेत अन्य आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खो-खो के दौरान दो टीमों में मारपीट

सरसौल। महाराजपुर स्थित कुलगांव मोड़ से पहले एक अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में खो-खो प्रतियोगिता आयोजित की गई। सेमीफाइनल के दौरान गुजैनी व तात्या टोपे नगर स्थित दो स्कूलों की टीमों के बीच विवाद हो गया। दोनों टीमों के खिलाड़ी स्कूल से बाहर निकलकर हाईवे किनारे भिड़ गए। दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई। पथराव भी हुआ और एक स्कूल की बस के शीशे भी टूट गए। पिटाई से बस का चालक भी घायल हो गया। हाईवे पर राहगीरों के बीच अफरातफरी रही। पुलिस के पहुंचने से पहले दोनों टीमों के खिलाड़ी भाग गए थे। जिस बस में तोड़फोड़ की गई थी। केवल बस पुलिस को मौके पर मिली। बस चालक ने जानकारी पुलिस को दी। चौकी इंचार्ज कुलगांव प्रदीप कुमार ने बताया कि बस के शीशे भी टूटे मिले पर किसी ने तहरीर नहीं दी।

तीसरे विश्व युद्ध के खतरे पर जताई चिंता

कानपुर। सीपीआई (मार्क्सवादी) का जिला सम्मेलन रायपुरवा के राम आसरे भवन में शुरू हुआ। दो दिवसीय सम्मेलन में कामरेड टेक चन्द्र ने झण्डारोहण किया और सम्मेलन में कामरेड सीताराम येचुरी सभागार और मंच को कामरेड बुद्धदेव भट्टाचार्य के नाम दिया गया।

सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए पूर्व सांसद सुभाषिनी अली ने साम्राज्यवाद और पूंजीवादी विनाशकारी नीतियों पर हमला बोलते हुए दुनिया पर मंडरा रहे तीसरे विश्व युद्ध के खतरे पर चिंता जताई। भाजपा की सरकार पर समाजवादी व्यवस्था का खात्मा कर मनुवाद को लाने का आरोप लगाया।

जिला मंत्री अशोक तिवारी ने रिपोर्ट पेश की, जिसमें पार्टी के कामों को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। सीमा कटियार, गोविंद नारायण, मोहम्मद वसी, उमाकांत, विनोद पांडेय, महबूब आलम, राम सिंह, अनिल सिंह, जाफर आबिद, नीलम तिवारी, अशोक सिंह, मोहम्मद रईस, अमित केसरवानी मौजूद रहे।

'जाना था गंगा पार प्रभु केवट की नाव चढ़े'

कानपुर। दिव्य ज्योति जागृति संस्थान ने पीएलडी, भवानी नगर में रविवार को श्रीराम आराधन भजन संध्या आयोजित की। स्वामी दिव्येश्वरानंद ने प्रभु राम के भजनों को गाया। 'जाना था गंगा पार प्रभु केवट की नाव चढ़े...' और 'सजा दो घर को गुलशन सा मेरे राम आए हैं...' सुनकर श्रद्धालु मगन हो गए। स्वामी विश्वनाथानंद ने कहा कि भगवान राम के चिंतन से कलुषित भावना मिट जाती है। श्रेष्ठ चरित्र का निर्माण होता है। यहां भाजपा जिला महामंत्री राम बहादुर यादव, सागर भदौरिया, अनिकेत द्विवेदी, आरके लाम्बा, राजेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

कार्यालय कानपुर विकास प्राधिकरण आवश्यक सूचना
(अनुभाग-विक्रय जोन-1)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आशू गर्ग एवं श्री विक्रम गर्ग द्वारा पंजीकृत बैनामा/वसीयत की छायाप्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आदि प्रस्तुत कर भूखण्ड/भवन संख्या 223 ब्लाक वेस्ट योजना 26 पुराना कानपुर का वसीयत/बैनामें के आधार पर नामान्तरण किये जाने का अनुरोध किया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि पक्ष द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों के अनुसार कानपुर विकास प्राधिकरण की पूर्ववर्ती संस्था कानपुर डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा उक्त भूखण्ड/भवन की लीजडीड दिनांक 31.03.1959 को श्रीमती प्रेमवती खन्ना पत्नी श्री हरिशचन्द्र खन्ना के पक्ष में निष्पादित की गयी थी। उक्त भवन/भूखण्ड की पजावली प्राधिकरण अभिलेखों में उपलब्ध नहीं हो पा रही है। जिसकी डुप्लीकेट पजावली खोली जानी है। उक्त का विवरण निम्नवत् है:-
आवेदक का नाम व पता:- श्री आशू गर्ग एवं श्री विक्रम गर्ग पुत्रगण स्व0 ओम नारायण गर्ग निवासी-3ए/241, आजाद नगर थाना नवाबगंज, कानपुर।
पजावली का विवरण:- भूखण्ड/भवन संख्या 223 ब्लाक वेस्ट योजना 26 पुराना कानपुर क्षेत्रफल 1037.00 वर्गगज
मूल पट्टाधारक का नाम:- श्रीमती प्रेमवती खन्ना पत्नी श्री हरिशचन्द्र खन्ना लीजडीड दिनांक 31.03.1959
प्रयोजन:- वसीयत/बैनामें के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही हेतु।
उक्त भूखण्ड/भवन की डुप्लीकेट पजावली खोले जाने के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन के तीस दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति सप्रमाण अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय (विक्रय जोन-1) में प्रस्तुत कर दें, निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उक्त भूखण्ड/भवन की डुप्लीकेट पजावली खोलते हुये आवेदक के पक्ष में नामान्तरण की कार्यवाही अमल में लाई जायेगी तथा इसके पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव न होगा।

विशेष कार्याधिकारी (विक्रय जोन-1)

नामांकन पत्रों की आज होगी जांच, 30 तक नाम वापसी

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन करने वाले प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच सोमवार को होगी। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार 28 अक्तूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उपचुनाव के लिए भाजपा से सुरेश अवस्थी, सपा से नसीम सोलंकी, बसपा से वीरेंद्र कुमार समेत 11 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। 18 से 25 अक्तूबर के बीच नामांकन प्रक्रिया पूरी हुई। 28 अक्तूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 30 अक्तूबर तक नाम वापसी होगी। 13 नवंबर को मतदान होगा। 23 नवंबर को मतगणना होगी।

लाल इमली कर्मियों ने टांगा बैनर, वेतन नहीं तो वोट नहीं

कानपुर। लाल इमली कर्मचारी संघ ने सीसामऊ उपचुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान न करने का ऐलान किया है। संघ पदाधिकारियों ने शहर में कई बैनर भी लगाए गए हैं। लाल इमली के सेवारत व सेवानिवृत्त कर्मियों की संख्या सीसामऊ में करीब तीन हजार हैं।

शहर 30s

इन इलाकों में आज नहीं रहेगी बिजली

कानपुर। केस्को मरम्मत कार्य की वजह से सोमवार को ग्वालटोली, मकबरा, तिलक नगर की बिजली सुबह साढ़े 10 से डेढ़ बजे तक और पशुपति नगर सबस्टेशन के सैनिक चौराहा, रोड साइड और डीपी पेंटिंग फीडर सुबह 11 से दोपहर तीन बजे के बीच एक से दो घंटे के लिए बंद रहेगा। यह जानकारी केस्को मीडिया प्रभारी एसके रंगीला ने दी।

यूपीसीडा बोर्ड की बैठक आज, मुख्य सचिव आएंगे

कानपुर। यूपीसीडा बोर्ड की बैठक सोमवार को लखनपुर स्थित मुख्यालय दफ्तर में दोपहर बाद 12 बजे से होगी। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में औद्योगिक विकास के कई प्रस्तावों पर चर्चा होगी। रूमा समेत कानपुर के सभी औद्योगिक क्षेत्र और उन्नाव की सीमा में आने वाली ट्रांसगंगा हाईटेक सिटी के भविष्य पर भी चर्चा होगी। सरसैया घाट से ट्रांसगंगा हाईटेक सिटी तक गंगा पर बनने वाले पुल के निर्माण को भी हरी झंडी मिल सकती है। यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी की अध्यक्षता में एजेंडा तैयार कर लिया गया है।

JKcement
A SOLID LEGACY OF TRUST

J.K. Cement Ltd.
CIN No. : L17229UP1994PLC017199
Registered Office : Kamla Tower, Kanpur-208 001 (U.P.)
Ph. : +91 512 2371478 to 81 ; Fax : +91 512 2399854/ 2332665
website: www.jkcement.com e-mail: shambhu.singh@jkcement.com

EXTRACT OF CONSOLIDATED AND STANDALONE UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER, 2024

(₹ in Crores)

Sl. No.	Particulars	CONSOLIDATED			
		Three Months Ended 30.09.2024 (Unaudited)	Three Months Ended 30.09.2023 (Unaudited)	Half Year Ended 30.09.2024 (Unaudited)	Year Ended 31.03.2024 (Audited)
1.	Total Income from Operations	2,597.90	2,782.10	5,450.21	11,701.06
2.	Net Profit before Interest, depreciation, exceptional items and tax	285.12	462.83	775.72	2,058.55
3.	Net Profit for the period before share (Loss) in associates and tax (before Exceptional and Extraordinary items)	52.65	240.54	325.82	1,179.11
4.	Net Profit for the period before Tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items)	155.00	240.54	428.17	1,173.61
5.	Net Profit for the period after Tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items)	136.15	175.73	320.97	789.93
6.	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	138.35	185.20	323.64	797.94
7.	Paid-up Equity Share Capital (Face Value of ₹ 10/- Per Share)	77.27	77.27	77.27	77.27
8.	Reserves (excluding Revaluation Reserve)	4,656.67	3,986.73	4,656.67	4,487.57
9.	Security Premium Account	756.80	756.80	756.80	756.80
10.	Net Worth	5,490.74	4,820.80	5,490.74	5,321.64
11.	Paid up Debt Capital/Outstanding Debt	4,530.26	4,376.40	4,530.26	4,457.52
12.	Outstanding Redeemable Preference Shares	NA	NA	NA	NA
13.	Debt Equity Ratio	1.02	1.05	1.02	0.98
14.	Basic and Diluted Earnings Per Share (of ₹ 10/- each) (Not Annualized except Period / Year ended)	16.28	22.69	40.27	102.35
15.	Capital Redemption Reserve	NA	NA	NA	NA
16.	Debenture Redemption Reserve	7.50	20.57	7.50	7.50
17.	Debt Service Coverage Ratio	1.91	2.37	1.98	2.10
18.	Interest Service Coverage Ratio	2.65	4.43	3.71	4.95

Notes:
1. The above is an extract of the detailed format of unaudited quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 52 of the Listing Regulations. The full format of the quarter and half year ended consolidated and standalone financial results are available on the Stock Exchange websites:- www.nseindia.com, www.bseindia.com and on the Company's website www.jkcement.com.
2. Key Standalone Financial Information:

Sl. No.	Particulars	STANDLAONE			
		Three Months Ended 30.09.2024 (Unaudited)	Three Months Ended 30.09.2023 (Unaudited)	Half Year Ended 30.09.2024 (Unaudited)	Year Ended 31.03.2024 (Audited)
1.	Total Income from Operations	2,428.47	2,598.47	5,115.36	11,053.37
2.	Net Profit before Interest, depreciation, exceptional items and tax	275.10	445.26	759.13	2,006.40
3.	Net Profit for the period (before Tax, Exceptional and/ or Extraordinary items)	63.65	245.70	355.42	1,217.88
4.	Net Profit for the period before Tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items)	63.65	245.70	355.42	1,212.38
5.	Net Profit for the period after Tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items)	45.20	178.93	247.88	830.64
6.	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	44.94	179.75	247.36	829.60
7.	Paid-up Equity Share Capital (Face Value of ₹ 10/- Per Share)	77.27	77.27	77.27	77.27
8.	Reserves (excluding Revaluation Reserve)	4,612.14	3,996.59	4,612.14	4,519.32
9.	Security Premium Account	756.80	756.80	756.80	756.80
10.	Net Worth	5,446.21	4,830.66	5,446.21	5,353.39
11.	Paid up Debt Capital/Outstanding Debt	4,530.26	4,376.40	4,530.26	4,457.52
12.	Outstanding Redeemable Preference Shares	NA	NA	NA	NA
13.	Debt Equity Ratio	1.02	1.04	1.02	0.97
14.	Basic and Diluted Earnings Per Share (of ₹ 10/- each) (Not Annualized except Period / Year ended)	5.85	23.16	32.08	107.50
15.	Capital Redemption Reserve	NA	NA	NA	NA
16.	Debenture Redemption Reserve	7.50	20.57	7.50	7.50
17.	Debt Service Coverage Ratio	1.87	2.29	1.96	2.07
18.	Interest Service Coverage Ratio	2.61	4.38	3.71	4.95

3. These financial results have been prepared in accordance with Indian Accounting Standards (Ind-AS) as prescribed under section 133 of Companies Act 2013 read with Rule 3 of the Companies (Indian Accounting Standards) Rules 2015 and relevant amendment thereafter. The said financial results of the Parent Company and its subsidiaries together referred as the "Group" have been prepared in accordance with Ind AS 110 – Consolidated financial statements.

For and on behalf of the Board of Directors

Place : Dubai - United Arab Emirates
Date : 26 October, 2024

Dr. Raghavpat Singhania
Managing Director
DIN: 02426556

For Kind Attention of Shareholders : As a part of Green Initiative of the Government, all the Shareholders are requested to get their email addresses registered with the Company for receiving Annual Report, etc. on email.